2023/193

श्रीमान्‌जी

निवेदन है कि श्रीमान्‌ जिला कलक्टर एवं जिला पंजीयक, श्रीगंगानगर के आदेश क्रमांक – पंजी0/11/2338 दिनांक 23.11.2011 द्वारा श्रीमान्‌ जी को बन्द वसीयत एवं बन्द वसीयत को खुलवाने बाबत अधिकृत किया हुआ है। जिसकी पालना में बन्द वसीयत को खोलने की कार्यवाही की जा रही है।

प्रार्थी गुरमीत सिंह पुत्र स्व. श्री हरपाल सिंह निवासी 13 बीबी तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर ने प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र, मूल रसीद, वारिस प्रमाण पत्र , मृत्यु प्रमाण पत्र, आई. डी. प्रूफ, एवं दो गवाहों के शपथ पत्र पेश किया है। प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया है कि मेरे दादा श्री वरयाम सिंह पुत्र बचन सिंह निवासी 13 बीबी तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर द्वारा बन्द वसीयत 13.06.1994 को करवाई गई थी, उनका स्वर्गवास दिनांक 26.08.1996 को हो चुका है, जो खोली जाकर पंजीकृत की जावे।

प्रार्थी को गवाहान बलराज सिंह पुत्र श्री मेजर सिंह और गुरप्रीत सिंह गिल पुत्र श्री हरपाल सिंह ने पहचाना है। प्रार्थी एवं गवाहों की शिनाख्त अधिवक्ता श्री गुरजीत सिंह वानर ने की है। अतः निर्धारित शुल्क जमा करवाकर सिल्ड पैकेट बंद लिफाफा खोलने हेतु आदेशार्थ प्रस्तुत है।

जिला पंजीयक महोदय